
फार्मर आईडी
## फॉर्मर आईडी को खसरे से लिंक कराना भी होगा जरूरी

# किसानों की डिजिटल पहचान के लिए आईडी बनवाना अनिवार्य

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में किसानों की डिजिटल पहचान और फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य तेजी से जारी है। शासन के निर्देशानुसार सभी किसानों के लिए फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही किसानों की सभी भूमि खसरा संख्याओं को फार्मर आईडी से लिंक करना भी आवश्यक है।




अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि आने वाले समय में फसलों की समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी व्यवस्था पूरी तरह फार्मर रजिस्ट्री से जुड़े किसानों के आधार पर ही की जाएगी। जिन किसानों की फार्मर आईडी बनी होगी और जिनके सभी खसरे उससे जुड़े होंगे, केवल वही किसान सरकारी खरीद का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने, खाद-बीज की खरीद तथा अन्य कृषि संबंधी सुविधाओं के लिए भी फार्मर आईडी से खसरे लिंक होना अनिवार्य कर दिया गया है।

जिले के समस्त किसानों से अपील की गई है कि यदि उनकी फार्मर आईडी बन चुकी है, लेकिन खसरे लिंक नहीं हुए हैं, तो तत्काल अपने संबंधित पटवारी से संपर्क कर खसरे लिंक करवाएं। और यदि फार्मर आईडी अभी तक नहीं बना है, तो शीघ्रता से फार्मर आईडी बनवाकर अपनी सभी भूमि विवरण जोड़ें। किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय के भीतर यह प्रक्रिया पूर्ण कर लें, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी योजना या खरीद व्यवस्था से वंचित न रह जाएं।

# जल संचय को लेकर पाण्डुतला में बोरीबंधान

**नवभारत, बैहर।** बैहर विकासखंड अंतर्गत बालाघाट जिले के अंतिम छोर का प्रसफुटन ग्राम पाण्डुतला में हालोंन नदी की सहायक नदी संचार नाला पर जल संचय के लिए बोरी बंधान स्थानीय जन अभियान परिषद् द्वारा क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल की गई। जिसमे सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राएं परामर्शदाता नवांकुर संस्था के सदस्य एवं स्थानीययुवाओं ने मिलकर ग्राम पाण्डुतला में बहते जल को रोकने के लिए बोरी बंधान का निर्माण किया, जिसके माध्यम से न केवल जल संचय होगा, बल्कि भूजल स्तर में सुधार, कृषि सिंचाई तथा आवश्यकता पड़ने पर पेयजल उपलब्धता में भी सहायता मिलेगी।



ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष बरसात का पानी यूं ही बह जाता था, लेकिन इस बार परिषद् की पहल से पानी तालाबनुमा स्वरूप में इकट्ठा हो रहा है, जिससे आसपास के खेतों में नमी बने रहने की उम्मीद है। यह प्रयास आने वाले समय में जल संकट से निपटने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित होगा। परामर्शदाता भंवरसिंह मेरावी ने बताया कि यह अभियान जनभागीदारी पर आधारित है और इसका मुख्य उद्देश्य 'जल ही जीवन है' संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। ग्रामीणों ने भी इस कार्य में उत्साहपूर्वक सहयोग दिया और आने वाले दिनों में ऐसे और बंधान बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर परिषद की प्रसफुटन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव यमुना सोनेवानी व सुमन सोनवानी सहित समिति सदस्य व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 5 सरपंच एवं 42 पंचों के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

**15 दिसम्बर नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि**

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पंचायतों के उप निर्वाचन कार्यक्रम-2025 के अनुसार बालाघाट जिले में सरपंच के 05 पद एवं पंचो के 42 पदो पर निर्वाचन के लिए 08 दिसम्?बर को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है और इसके साथ ही प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्?त करना शुरू कर दिया गया है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित है।

बालाघाट जिले की बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत पल्हेरा, वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, खैरलांजी विकासखंड की ग्राम पंचायत कचेखनी, लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत रमपुरी एवं परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत उकवा में सरपंच के रिक्त पद की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कराया जा रहा है।

इसी प्रकार बालाघाट विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव, आंवलाझरी, भरवेली, लांजी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचेवाही, चिखलामाली, बापड़ी, किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जामडी, परसवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत उडदना, बघोली, पोंगारझोड़ी, सिंघई, बिरसा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हेवाड़ा, जमुनिया, वारासिवनी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, सिर्रा, वारा, कटंगी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरपड़िया, धनकोसा तथा लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशपुर, बल्हारपुर व कामथी में पंच के 01-01 रिक्त पद की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कराया जा रहा है। बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत रघोली में 02, कचनारी में 07, बहेराभाटा में 06, सालेटेकरी में 04 एवं लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत लेण्डेझरी में पंच के 02 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कराया जा रहा है।

05 सरपंच एवं 42 पंचो के निर्वाचन के लिए 08 दिसम्बर को संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है और इसके साथ ही प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना शुरू कर दिया गया है। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे तक जमा किये जा सकते है। प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गए नाम निर्देशन पत्रों की जांच का कार्य 16 दिसम्बर को किया जाएगा। जो प्रत्याशी चुनाव नही लड़ना चाहेंगे वे 18 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे तक अपने नाम वापस ले सकते है। नाम वापसी के बाद शेष बचे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये जाएंगे। आवश्यक होने पर 29 दिसम्बर को प्रात: 07 बजे अपरान्ह 03 बजे तक निर्धारित मतदान केंद्रो पर मतदान कराया जाएगा। पंच की मतगणना 29 दिसम्बर को मतदान केंद्र पर ही मतदान समाप्त होने के बाद की जाएगी। जबकि सरपंच के मतो की गणना 02 जनवरी 2026 को विकासखंड मुख्यालय पर प्रात: 08 बजे से की जाएगी।

# 12 हजार 655 किसानों से 132 .66 करोड़ रुपए की 5 लाख 59 हजार 991 क्विंटल धान की हुई खरीदी



**किसानों को 2 .16 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान**

**नवभारत, बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 185 केंद्रो पर 01 दिसम्बर से धान की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 09 दिसम्?बर की शाम तक जिले के 66 हजार 344 किसानों द्वारा धान विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की गई है, इनमें से 12 हजार 655 किसानों से 05 लाख 59 हजार 991 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 132 करोड़ 66 लाख 18 हजार 679 रुपए का भुगतान किया जाना है। किसानों से खरीदे गए 01 लाख 70 हजार 200 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया जा चुका है। अब तक किसानों को 02 करोड़ 16 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।

गोदाम स्तर पर बनाए गए केंद्रो पर धान खरीदी के दौरान किसानों का भुगतान 03 दिनों के भीतर हो जा रहा है। गोदाम स्तरीय 59 केंद्रो पर 02 लाख 16 हजार 960 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। गोदाम स्?तरीय केंद्र में धान विक्रय करने वाले किसानों के भुगतान आदेश जेआईटी पोर्टल पर पहुंच गए है और शीघ्र ही राशि किसानों के खाते में पहुंच जाएगी। समिति स्तर पर बनाए गए 126 केंद्रों पर 03 लाख 42 हजार 931 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। समिति स्तर के केंद्रों पर धान विक्रय करने वाले किसानों को भुगतान में कुछ दिनों का इंतजार करना होगा। खरीदी केंद्र से गोदाम में धान पहुंचने पर ही उसके भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जबकि गोदाम स्तर के केंद्र पर धान विक्रय करने के साथ ही भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है।

जिले के जिन खरीदी केंद्रो पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी खरीदी केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। किसानों से अपील की गई कि वे अपनी धान को अच्छी तरह से साफ कर एवं सुखाकर ही विक्रय के लिए लाए। खरीदी केंद्रो पर शासन द्वारा निर्धारित एफएक्यू गुणवत्ता की धान ही खरीदी जाएगी।



# किसानों को सहज व पारदर्शी व्यवस्था मिले

**▸ विधायक गौरव सिंह पारधी ने उपार्जन केंद्रों को लेकर ली समीक्षा बैठक**

**नवभारत कटंगी 9 दिसंबर।** क्षेत्र में उपार्जन केंद्रों के संचालन को लेकर विधायक गौरव सिंह पारधी ने एक आवश्यक बैठक ली, जिसमें मार्केटिंग साख समितियों के प्रतिनिधि, खाद्य विभाग के अधिकारी और क्षेत्र के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रों की तैयारियों की जानकारी ली गई और बीते वर्ष की तरह सभी केंद्रों को यथावत रखने का निर्णय लिया गया, ताकि खरीदी प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के जारी रह सके। धनकोषा, समतपुरी और खैरलांजी केंद्रों के प्रबंधक बैठक में मौजूद रहे और उन्होंने अपनी-अपनी व्यवस्थाओं की स्थिति बताई।

### सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाए

विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी तरह की समस्या नहीं आए और सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। विधायक पारधी ने कहा कि खरीदी के दौरान किसानों को सहज और पारदर्शी व्यवस्था मिले, यह प्राथमिकता है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध रहें और किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान किया जाए।

# 16 से 23 तक जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**समापन कार्यक्रम में सहकारिता एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग शामिल होंगे**

**कलेक्टर ने आयोजन को लेकर तैयारियों के दिए निर्देश**



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी की पहल पर सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आगामी 16 से 23 दिसम्बर तक जिला स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर मृणाल मीना ने 09 दिसम्बर को अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, एसडीएम गोपाल सोनी, जिला खेल अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढपाल, जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, इस आयोजन से जुड़े चंद्रशेखर गौतम, अनुराग चतुरमोहता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत 16 से 23 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों के ठहरने, नाश्ता, भोजन, परिवहन, चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग अधिकारियों को दायित्व सौंपे और सभी आवश्यक तैयारियॉ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह आयोजन व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराए और इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करें, जिससे प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

बैठक में बताया गया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत 16 से 23 दिसम्बर तक जिला स्तर पर फुटबाल, वालीबाल, शतरंज, कुश्ती, हॉकी, बैडमिंटन, कबड्डी, कराते, दौड़ एवं रस्साकस्सी खेलो का आयोजन किया जाएगा। 23 दिसम्बर को इस आयोजन के समापन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता एवं खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग शामिल होंगे। 16 एवं 17 दिसम्बर को मुलना स्टेडियम में फुटबाल की प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार पुलिस लाईन बालाघाट के मैदान में 16 एवं 17 दिसम्बर को वालीबाल की प्रतियोगिता होगी। 16 दिसम्बर को मुलना स्टेडियम के कराते हॉल में शतरंज की प्रतियोगिता होगी। 17 दिसम्बर को मिनी स्टेडियम बरघाट जिला सिवनी में कुश्ती की प्रतियोगिता होगी। 23 दिसम्बर को शहीद चंद्रशेखर आजाद हॉकी टर्फ मैदान बालाघाट में हॉकी की प्रतियोगिता होगी।

22 एवं 23 दिसम्बर को मुलना स्टेडियम एवं वैनगंगा क्लब हॉल बालाघाट में बैडमिंटन की प्रतियोगिता ? होगी। 22 एवं 23 दिसम्?बर को मुलना स्टेडियम में कबड्डी की प्रतियोगिता होगी। मुलना स्टेडियम में 22 दिसम्बर को कराते एवं 23 दिसम्?बर को 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़, शॉटपुट एवं रस्साकस्सी की प्रतियोगिता आयोजित होंगी।

16 से 23 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले इस खेल महोत्सव में संसदीय क्षेत्र के 08 विधानसभा क्षेत्रो कटंगी, बालाघाट, वारासिवनी बैहर, परसवाड़ा, लांजी, सिवनी एवं बरघाट से फुटबाल, वालीबाल एवं शतरंज प्रतियोगिता में 502, कबड्डी, बैडमिंटन एवं कराते में 370, हॉकी, एथलेटिक एवं रस्साकस्सी में 421 खिलाड़ी शामिल होंगे। जबकि बरघाट जिला सिवनी में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में 143 खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रकार इस आयोजन में कुल 1336 खिलाड़ी शामिल होंगे।

# 17 को पेंशनर्स दिवस मनायेगा प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन

**नवभारत, बालाघाट।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा बालाघाट ने अपनी मासिक बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 17 दिसम्बर 25 को जिले के पेंशनर्सों के सहित पुरे उल्लास एवं उमंग के साथ पेंशनर्स दिवस मनाया जायेगा ।जिसके लिए पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी का दायित्व सौंपा गया । पेंशनर्स दिवस पर जिले के वरिष्ठ पेंशनरों का जिनकी आयु 75 वर्ष हो गयी है उनको सम्मानित करने का निर्णय लिया गया । जिला अध्यक्ष ए एवं मोहारे ने लालबर्रा तहसील शाखा के अध्यक्ष श्याम लाल पंचेश्वर के त्यागपत्र को स्वीकृत कर श्री राजेन्द्र मानवटकर को तहसील शाखा लालबर्रा का अध्यक्ष मनोनीत कर पेंशनर्स साथियों के साथ पेंशनर्स दिवस पर आने का आमंत्रण दिया । बैठक में खैरलांजी तहसील शाखा के पूर्व अध्यक्ष चुन्नीलाल लिल्हारे , किरनापुर तहसील शाखा के अध्यक्ष वाहिद खान , एवं बुढ़ी के तीन सक्रिय सदस्यों के निधन होने पर दो मिनट का मौन रख कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में इस बार बड़ी संख्या में पेंशनर्स साथियों ने अपनी सहभागिता दी। बैठक में ए एल मोहारे, पी एल मोहारे, सी आर रहांगडाले, सुभाष पटेल, डा. कीर्ति कुमार पटेल , नारायण मदनकर, अमर सिंह ठाकुर, सरजू नखाते , मधु बुचुरकुण्डें , नानाजी देशमुख, रविन्द्र सिंह बैंस, एस एल बसेने , एल सी सुलकिया, दशाराम बावनथडे , ताराचंद घरडे , गुलाबचंद पटले, युवराज धुवारे , डी आर पटले ,एच आर रहांगडाले , आर एल बहेटवार , रिशीराम फुलबांधे, पी आर तुमसरे , केशव बिसेन , झनकलाल बम्हुरे , पी एल राणा , बी एल पटले , मोहन आचार्य, मनोज वर्मा, तथा श्रीमती कुसुम लता बनवाले सहित अनेक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी।



### लोक अदालत के लिए जिले में 20 खण्डपीठों का गठन

**नवभारत, बालाघाट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय बालाघाट में 09 खंडपीठ का गठन किया गया है।

# एसडीएम ने आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ मनाया जन्म दिवस

**नवभारत, बैहर।** अर्पित गुप्ता, (ड्ढ.स्र.) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ मनाया अपना जन्मदिवस। एसडीएम बैहर द्वारा दिनांक 09 दिसम्बर 2025 को अपना जन्मदिवस आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ मनाया गया, इस अवसर पर एसडीएम बैठर द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया है, एवं उपस्थित बच्चों के अभिभावकों को स्वास्थ्य एवं उचित खान हेतु समझाईस दी गई, जिससे कि बच्चे स्वस्थ्य रहे। कार्यक्रम में एसडीएम बैहर के अलावा रामनाथ धुर्वे, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास बैहर एवं पर्यवेक्षक श्रीमती कृष्णा मरकाम, श्रीमती कुसमा वासनिक, श्रीमती आशा मेश्राम, श्रीमती मेधा डहरवाल, श्रीमती वंदना परते, श्रीमती सोमबती मानकर, श्रीमती आशालता धुर्वे, श्रीमती हेमलता



# खिलाड़ी भावना के साथ खेलकर कालेज व विवि का नाम रोशन करें : विधायक

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट मुख्यालय स्थित शहीद चंद्रेशखर आजाद सिथेंटिक टर्फ मैदान में आज 9 दिसंबर से 4 दिवसीय मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश अंतर विश्वविद्यालय हॉकी पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। जिसका शुभारंभ बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के उपस्थिति में हुआ। यह प्रतियोगिता 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित होगी। विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा हॉकी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये विविध विश्वविद्यालय के ओर से आये पुरूष व महिला हॉकी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल के लिये शुभकामनायें प्रेषित की। साथ ही खिलाड़ी भावना के साथ खेलकर कालेज व विध्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिये प्रेरित किया। उन्होने कहा कि खेल में हारजीत होते रहती है लेकिन हमें उसमें अच्छा खेलने का प्रयास करें। खेल भावना के साथ खेले और अपना,परिवार तथा महाविद्यालय तथा देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर नपाध्यक्ष भारती ठाकुर व पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े भी मौजूद रही। वही प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने आयोजन के संबंध में जानकारी प्रदाय की। जिन्होने बताया कि इस राज्यस्तरीय हॉकी अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन की मेजबानी बालाघाट को मिली है। निश्चित ही यह हमारे खिलाड़ियों के लिये अपनी दक्षता दिखाने के साथ ही उन्हें सिखने का अवसर प्राप्त होगा। इसमें बालाघाट कालेज सहित अन्य सहयोगी जो विभिन्न महाविद्यालय से क्रीड़ा अधिकारी यहां पधारे हैं। सिवनी, पांढुरना से क्रीड़ा अधिकारी भी आये और सहयोग कर रहे है। उन्होने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें प्रेषित की। इस अवसर पर बालाघाट कालेज के अलावा अन्य कालेज के प्रोफेसर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



**Government of Madhya Pradesh**
**Higher Education Department,**
**P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP),(GJSTPGC), PIN-481001**
E-mail: hegjtcbal@mp.gov.in

जावक क्रमांक/ 6703 09/12/2025

**Tender Notice - NIT No : 2005-HED-467066-1**
**RFQ No : 6697/Lab/Balaghat Date 09-12-2025**

P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP), (GJSTPGC), DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH invites Request for Bid for Procurement of Goods- Supply, Installation, Testing, Commissioning of Lab Equipment on Turnkey basis bid proposal to college. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 09-12-2025 onwards. Last date of Submission on 23-12-2025. This Tender Notice Information will also be available on https://www.highereducation.mp.gov.in/

Principal
P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI GOVERNMENT POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT,
Higher Education Department